Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding expeditious completion of bridge over Saryu Canal, in Shrawasti Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh –laid.

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद श्रावस्ती (उत्तर प्रदेश) के तहसील सिरसिया के तहत राजगुरु जुड़पनिया गांव के पास निर्माणाधीन सरयू नहर पर पुल का निर्माण होना अति आवश्यक है । यह राजगुरु जुड़पनिया गांव का मुख्य संपर्क मार्ग है. इस रास्ते से लगभग न्याय पंचायत चैलाही, ग्राम पंचायत सोनबरसा पूरेदारी कटुकुईया बनकटवा खुर्द आदि तमाम गांव के लोग इस रास्ते से आते जाते हैं । ग्रामीणों का नहर के पार लगभग 5000 हेक्टेयर कृषि भूमि है । पूल न होने के कारण ग्रामीणों को कृषि कार्य के लिए नहर में कूदकर पार करना पड़ता है जिससे उनकी जान जाने का खतरा बना रहता है ।

अतः सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती (उत्तर प्रदेश) के तहसील सिरसिया के तहत राजगुरु जुड़पनिया गांव के पास निर्माणाधीन सरयू नहर पर जनहित में पुल का निर्माण अति शीघ्र कराया जाए ।